IndianOil   Bharat Petroleum   HP

# हिमाचल प्रदेश राज्य में एलपीजी वितरकों की नियुक्ति हेतु पुनः विज्ञापन/विज्ञापन

इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल), भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) तथा हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), हिमाचल प्रदेश राज्य में विभिन्न श्रेणियों से सम्बन्धित उम्मीदवारों से निम्नलिखित स्थानों पर विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत एलपीजी वितरकों की पुनः नियुक्ति/नियुक्ति के लिए प्रस्ताव करते हैं :

| क्रम सं. | तेल कम्पनी | स्थान (ग्राम/ग्रामों का समूह) (Cluster of Villages) | ग्राम पंचायत | राब डिवीजन (केवल दुर्गम क्षेत्रीय वितरक) के लिए | ब्लॉक | जिला | श्रेणी** | बाजार का प्रकार/एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप-दुर्गम क्षेत्रीय वितरक | प्रतिभूति/सिक्योरिटी डिपॉजिट (राशि रु. लाख में) | मार्केटिंग प्लान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | आईओसीएल | कलबोग | कलबोग | कोटखाई | जुब्बल | शिमला | ओपन | दुर्गम क्षेत्रीय वितरक | 4.0 | 2020-21 |
| 2. | आईओसीएल | ककीरा जरई | ककीरा जरई | चोवाड़ी | भटियात | चम्बा | ओपन (महिला) | दुर्गम क्षेत्रीय वितरक | 4.0 | 2017-18 |
| 3. | बीपीसीएल | गलोड़ खास/लहड़ा/हरेटा/फाहल खास | गलोड़ खास/लहड़ा/हरेटा/फाहल | नादौन | नादौन | हमीरपुर | ओबीसी (महिला) क्लस्टर के साथ (Women with cluster) | दुर्गम क्षेत्रीय वितरक | 3.0 | 2017-18 |
| 4. | एचपीसीएल | टिहरा | टिहरा | धरमपुर | धरमपुर | मंडी | ओपन | दुर्गम क्षेत्रीय वितरक | 4.0 | 2020-21 |
| 5. | एचपीसीएल | बाली चौकी | बाली चौकी | बाली चौकी | बाली चौकी | मंडी | ओबीसी | दुर्गम क्षेत्रीय वितरक | 3.0 | 2023-24 |

****प्रयुक्त नामावली/संक्षिप्त शब्दों का प्रयोग निम्नानुसार किया गया है :**

**ओपन :** ओपन (खुली) श्रेणी।

**ओपन (महिला) :** ओपन (महिला) श्रेणी।

**ओबीसी :** अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी।

**ओबीसी (महिला) क्लस्टर के साथ :** अन्य पिछड़ा वर्ग (महिला) श्रेणी **ग्रामों का समूह (cluster of villages) के साथ।**

1. एलपीजी वितरक के चयन हेतु पात्रता–मापदंड एवं विस्तृत दिशानिर्देश, एलपीजी गोदाम के लिए भूमि/एलपीजी गोदाम के लिए भूमि की आधारभूत संरचना संबंधी आवश्यकताओं, शोरूम हेतु भूमि/तैयार बने हुए शोरूम, सिलिंडरों की होम डिलिवरी हेतु संरचना इत्यादि सहित चयन प्रक्रिया संबंधी विस्तृत जानकारी एलपीजी वितरकों के चयन के लिए विवरणिका/ब्रोश्योर (पुस्तिका) में दी गई है जिसे किसी भी तेल कंपनी की वेबसाइट यथा **www.iocl.com** (आईओसीएल की वेबसाइट), **www.bharatpetroleum.in** (बीपीसीएल की वेबसाइट), **www.hindustanpetroleum.com** (एचपीसीएल की वेबसाइट) से डाउनलोड किया जा सकता है। विवरणिका/ब्रोश्योर (पुस्तिका) को वेबसाइट **www.lpgvitarakchayan.in** से भी डाउनलोड किया जा सकता है।
2. हिमाचल प्रदेश राज्य में एलपीजी दुर्गम क्षेत्रीय वितरक के रूप में चयन हेतु आवेदन करने को इच्छुक तथा पात्रता की शर्तों को पूरा करने वाले सभी व्यक्ति वेबसाइट **www.lpgvitarakchayan.in** पर लॉग ऑन करें तथा वेबसाइट पर खुद का पंजीकरण करवाएँ। एक बार पंजीकरण हो जाने पर, वे अपना अकाउंट लॉग इन कर सकेंगे तथा आवश्यक विवरण को हर तरह से पूरा भरके अपने आवेदन **दिनांक 09.09.2024 को 17:00 बजे तक** या उससे पहले ऑनलाइन जमा कर सकेंगे। आवेदन पत्र जमा करने से पहले उम्मीदवार को पासपोर्ट आकार के अपने फोटो की तथा अपने हस्ताक्षर की स्कैन की हुई प्रति एक अलग फाइल में अपलोड करनी होगी तथा उन्हें वेबसाइट **www.lpgvitarakchayan.in** पर उपलब्ध इंटरनेट बैंकिंग/डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड की सुविधा के जरिए लागू अनुसार अप्रतिदेय आवेदन शुल्क भी जमा करना होगा। दुर्गम क्षेत्रीय वितरक के लिए लागू अप्रतिदेय आवेदन शुल्क नीचे दी गयी तालिका में दर्शाया गया है :

**तालिका - दुर्गम क्षेत्रीय वितरक लोकेशनों के लिए अप्रतिदेय आवेदन शुल्क :**

| श्रेणी | अप्रतिदेय आवेदन शुल्क |
|---|---|
| ओपन (खुली) | रु. 8,000 (रुपये आठ हजार मात्र)## |
| ओबीसी (अन्य पिछड़ी जाति) | रु. 4,000 (रुपये चार हजार मात्र) |
| एससी/एसटी (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति) | रु. 2,500 (रुपये दो हजार पाँच सौ मात्र) |

## दुर्गम क्षेत्रीय वितरक लोकेशनों के अधीन **'ओपन (खुली)'** श्रेणी के लिए आवेदन करने वाले अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के उम्मीदवार रु. 2,500 (रुपये दो हजार पाँच सौ मात्र) का अप्रतिदेय आवेदन शुल्क जमा कर सकते हैं। यद्यपि, अन्य पिछड़ी जाति श्रेणी से संबंध रखने वाले उम्मीदवार अगर **ओपन (खुली)** श्रेणी के लोकेशन के लिए आवेदन करते हैं तो उन्हें **'ओपन (खुली)'** श्रेणी के उम्मीदवार हेतु लागू आवेदन शुल्क जमा करना होगा।

3. उम्मीदवारों से यह अनुरोध है कि वे अधिक जानकारी के लिए विवरणिका/ब्रोश्योर (पुस्तिका) देखें। उम्मीदवारों से यह अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने से पहले आवेदन पत्र भरने की प्रक्रिया के बारे में जानने के लिए पोर्टल **www.lpgvitarakchayan.in** पर उपलब्ध **'आवेदको के लिए उपयोगवर्ता पुस्तिका–एलपीजी वितरक चयन'** ध्यान से पढ़ें।
4. ऑनलाइन आवेदन जमा करने के बाद, भौतिक रूप में किसी भी दस्तावेज या आवेदन पत्र का प्रिंटआउट किसी भी कार्यालय में जमा करने की कोई जरूरत नहीं है, जब तक कि अनुरोध ना किया गया हो। बाद में, अगर ड्रॉ के जरिए उम्मीदवार का चयन किया जाता है, तो चुने गए उम्मीदवार को सत्यापन के समय लागू अनुसार निर्धारित पात्रता प्रमाणपत्र अवश्य प्रस्तुत करने होंगे। रक्षा कार्मिक श्रेणी के अधीन आवेदन करने वाले आवेदकों को अनुशंसा पत्र के फील्ड सत्यापन के समय डायरेक्ट डायरेक्टोरेट जनरल रिसेटलमेंट (डीजीआर) से प्राप्त मूल पात्रता प्रमाणपत्र जमा करना होगा। विवरण के लिए कृपया ब्रोश्योर (पुस्तिका) देखें।
5. साधारण शर्तें–

(क) इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड या हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड को बिना कोई कारण बताए, अपनी स्वेच्छा से इस विज्ञापन को रद्द करने/वापस लेने/संशोधित करने या आवेदन पत्र जमा करने की निर्धारित तारीख को आगे बढ़ाने का अधिकार है।

(ख) आवेदक को एक लोकेशन के लिए केवल एक आवेदन प्रस्तुत करना चाहिए। यदि किसी लोकेशन के लिए किसी व्यक्ति द्वारा एक से अधिक आवेदन प्रस्तुत किए जाते हैं, तो सभी आवेदनों को एक साथ जोड़ा जाएगा और कम्प्यूटरीकृत ड्रॉ में गणना के उद्देश्य से एक आवेदन के रूप में माना जाएगा। ऐसे मामलों में, अन्य सभी आवेदनों के विरुद्ध प्राप्त आवेदन शुल्क जब्त कर लिया जाएगा।

(ग) हालाँकि, आवेदक विभिन्न लोकेशनों के लिए आवेदन कर सकते हैं। यदि एक उम्मीदवार द्वारा विभिन्न लोकेशनों के लिए आवेदन किया जाता है तो उसे प्रत्येक लोकेशन के लिए लागू अप्रतिदेय आवेदन शुल्क के साथ अलग–अलग आवेदन पत्र ऑनलाइन जमा करना होगा।

(घ) उम्मीदवार द्वारा आवेदन पत्र में दिए गए अथवा आवेदन के अनुसरण में तत्पश्चात जमा किए गए दस्तावेज में उल्लिखित किसी भी विवरण को अगर किसी भी स्तर पर छिपाया हुआ/गलत/झूठ/असत्य एवं पात्रता को प्रभावित करने वाला पाया जाता है, तो आवेदन को कोई कारण बताए, सीधे रद्द कर दिया जाएगा तथा आवेदक को एक डिस्ट्रीब्यूटर किसी भी के रूप में नियुक्त किए जाने के मामले में, उनकी डिस्ट्रीब्यूटरशिप समाप्त कर दी जाएगी तथा अप्रतिदेय आवेदन शुल्क को जब्त कर लिया जाएगा। ऐसे मामले में उम्मीदवार/डिस्ट्रीब्यूटर का संबन्धित तेल कंपनी के विरुद्ध कोई भी दावा, चाहे जो भी हो, मान्य नहीं होगा।

(ङ) यह केवल संभावित उम्मीदवारों से आवेदन मांगने के लिए एक विज्ञापन/अधिसूचना है तथा यह एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटरशिप का प्रस्ताव/ऑफर नहीं है।

(च) सभी पत्राचार ई–मेल के जरिए पोर्टल **www.lpgvitarakchayan.in** द्वारा उम्मीदवार के पंजीकृत ई–मेल आईडी अथवा पंजीकृत फोन नंबर पर SMS भेज कर किया जाएगा।

(छ) यह पूरी तरह से एक व्यावसायिक प्रस्ताव है तथा संबन्धित तेल कंपनी में नौकरी हेतु आवेदन नहीं है तथा इसमें साधारण व्यापारिक जोखिम है तथा इससे किसी भी निश्चित आय अथवा लाभ की कोई गारंटी नहीं है।

(ज) स्थानीय भाषा की तुलना में अंग्रेजी भाषा में विज्ञापन में अगर कोई विसंगति (यदि कोई हो) पायी जाती है, तो स्थानीय भाषा संस्करण में उल्लिखित निर्देश/जानकारी ही मान्य होगी।

(झ) विज्ञापन/अधिसूचना की तुलना में वेबसाइट **www.lpgvitarakchayan.in** पर दर्शाए गए विवरण में विसंगति पाए जाने के मामले में प्रकाशित विज्ञापन/अधिसूचना में दर्शाए गए विवरण मान्य होंगे।

(ञ) आवेदक के बैंक खाता/डेबिट कार्ड खाता/क्रेडिट कार्ड खाता से काटी गयी कोई भी राशि, जिसे संबन्धित तेल कंपनी के संबन्धित बैंक खाता में स्थानांतरित अथवा जमा नहीं किया गया है, के लिए इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड या हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड जिम्मेदार नहीं होंगे।

(ट) इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड, भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड या हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड आवेदक द्वारा अपने बैंक खाता/डेबिट कार्ड खाता/क्रेडिट कार्ड खाता से आवेदन के लिए ऑनलाइन भुगतान की गई किसी भी अतिरिक्त राशि को वापस करने हेतु जिम्मेदार नहीं होंगे।

(ठ) तेल कंपनी, कनैक्टिविटी समस्या, साइट की अनुपलब्धता और बैंक संबंधी मुद्दों के कारण ऑनलाइन आवेदन जमा करने में किसी भी देरी के लिए कोई जिम्मेदार नहीं होंगे। इस संबंध में कोई भी दावा मान्य नहीं होगा।